PROTECT OUR PLANET-PRESERVE THE FUTURE
PLANT A TREE TO SAVE LIFE

A Green Mission by- The Education Committee of The Maheshwari Samaj (Society), Jaipur

VISION & MISSION of ECMS of Making India Clean and Green.

प्रिय अभिभावक,

नमस्कार।

कथन यह सत्य है, मिले हाथ से हाथ, तो जीवन की हो बात।

हमारे बढ़ते कदम, हमेशा एक नया पथ गढ़ते हैं और वह पथ, भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य की नींव है। इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु गत 98 वर्षों से ECMS संपूर्ण संसाधनों और समर्पण के साथ सदैव तत्पर रहा है। जब बात सामाजिक सरोकारों की हो तो ECMS एक कदम आगे ही रहा है। बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण के परिवर्तन, खतरे की घंटी हैं। इससे पूर्व कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान की भरपाई में देर हो जाए, सचेत होना बहुत जरूरी है। वैसे भी पर्यावरण सरंक्षण न सिर्फ कर्त्तव्य है वरन् एक महती जिम्मेदारी भी है। **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के तहत, ECMS ने **100000** (एक लाख) पौधे रोपित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया है, जिसे अपने विद्यार्थियों, जिसे वह 'पर्यावरण सैनिकों' की उपमा देता है, के संग पूरा करने का संकल्प ले रहा है।

'पर्यावरण सरंक्षण' यह सिर्फ कथन नहीं है, यह भविष्य की सुरक्षा का मूल मंत्र है। इस हेतु गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा ECMS द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसे वह सुरक्षित स्थान पर प्रत्यारोपित कर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी वहन करेगा। प्रति वर्ष विद्यार्थी अपने वृक्ष के साथ बढ़ेंगे और उसे अपने मित्र की भाँति संरक्षित करेंगे और उसके विकास के प्रत्येक पड़ाव की जानकारी अपनी कक्षा अध्यापिका के संग, छायाचित्र/वीडियो के माध्यम से 3 स्तरों पर बाँटेगें। इस प्रकार वे पर्यावरण मित्र की भूमिका निभाएगें।

पर्यावरण संरक्षण का यह कार्यक्रम, 29 जुलाई 2024 से प्रारंभ होकर 15 अगस्त 2024 तक अपने प्रथम पड़ाव को पूर्ण करेगा। ECMS द्वारा संचालित सभी 11 शिक्षण संस्थाओं के 24000 विद्यार्थी इस यज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पौधे के विकास से सम्बधित फोटो व वीडियो, विद्यार्थी ECMS Parent App पर अपलोड करके शैक्षणिक स्तर पर 5 अंक भी अर्जित करेगें।

प्रथम मूल्याँकन की अंतिम तिथि – 30 सितम्बर 2024 (पौध रोपण)
द्वितीय मूल्याँकन की अंतिम तिथि – 30 नवम्बर 2024
तृतीय मूल्याँकन की अंतिम तिथि – 30 जनवरी 2025

पर्यावरण संरक्षण की इस महती जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विद्यालय के ECO क्लब के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों (जैसे –नारा लेखन, जागरूकता रैली आदि) का आयोजन किया जाएगा।

वैसे भी कदम तो एक ही काफी होता है, नई मंजिलें गढ़ने को,
और अगर मिल जाए स्वजनों का संग, तो हर कदम नई मंजिल होता है।

इन मंजिलों को प्राप्त करने के लिए हम आपके सहयोग के आकांक्षी हैं।

धन्यवाद।

LEGACY OF ECMS

mhs Tilak Nagar | mps Jawahar Nagar | mbv Chaura Rasta | mgps Vidyadhar Nagar | mps Pratap Nagar | MGPGC Pratap Nagar | mps Bagru | mpsi Tilak Nagar | mps Kalwar Road | mps Sanskriti Bani Park | mps Sanskriti Tilak Nagar | mps Sanskriti Jagatpura